**आकाशवाणी शिमला**
**08.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि परिवहन विभाग ने पिछले डेढ़ वर्ष के दौरान राजस्व अर्जन के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2024–25 में 9 सौ 12 करोड़ 18 लाख रुपये जबकि इस वित्त वर्ष के दौरान अभी तक 3 सौ 24 करोड़ 35 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया गया है। अग्निहोत्री ने बताया कि विभाग ने 16 महीने की अवधि में कुल एक हजार दो सौ 36 करोड़ 53 लाख रुपये का रिकार्ड राजस्व अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि ये विभाग की पारदर्शी, सुधारात्मक और दक्ष कार्य प्रणाली का प्रमाण है। अग्निहोत्री ने इस उपलब्धि के लिए विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है।

**प्रतिभा सिंह**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि पार्टी हाईकमान के साथ हिमाचल में नई कार्यकारिणी को लेकर बैठक हुई है और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने संगठन को मजबूत करने के लेकर महत्वपूर्ण टिप्स दिए हैं। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रदेश में नई कार्यकारिणी का गठन जल्द होगा और हाईकमान के साथ बैठक में नए अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर भी विचार विमर्श किया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी के गठन में हो रही देरी से कार्यकर्ता निराश हैं और इस बारे में जल्द फैसला लेकर संगठन को नई ऊर्जा देने की जरूरत है।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में शिमला में शिक्षा विभाग और प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा और विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा की। रोहित ठाकुर ने कहा कि हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से करीब 5 सौ दस शिक्षण संस्थान क्षतिग्रस्त हुए हैं जिनके लिए बजट प्रावधान किया जा रहा है।

***जो हमारे डिप्टी डायरेक्टर्स है, भिन्न–भिन्न जिलों में नियुक्त है, उनकी भी एक अलग से मीटिंग होती है और उसमें ओवरऑल अपने डिपार्टमेंट का रिव्यू, एक धरातल की क्या जो हमारी पॉलिसी प्रोग्राम्स है, शिक्षा की क्या व्यवस्था, उसकी सही जानकारी प्राप्त होती है और आने वाले समय में जो हमने टारगेट अपने अधिकारियों को दिया है, वो निश्चित समय अवधि में, चाहे प्रमोशन के मैटर है, चाहे अन्य फंड्स विशेषकर जो हमारा मंडी का ही लगभग 219 स्कूल के आसपास आपके प्रभावित हुए थे और पूरे प्रदेश में संख्या बढ़कर 500 से अधिक हो चुकी है जो वर्तमान में जो आपका मानसून का दौर चला है तो उनके लिए भी पैसे का प्रावधान हो ताकि उसकी रिपेयर मेंटेनेंस हो स्कूल्स की।***

**दुर्घटना**

चंबा जिला के चुराह विधानसभा क्षेत्र के भंजराडू– चनवास– शाहवा मार्ग पर पधरी के समीप कल देर रात एक गाड़ी के गहरी खाई में गिरने से एक ही परिवार के 4 लोगों सहित 6 लोगों की मृत्यु हो गई है। ये सभी भंजराडू के चनवास पंचायत के निवासी थे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों से अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

**मतदान केंद्र**

राज्य निर्वाचन विभाग ने प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की सूचियां प्रारूप में प्रकाशित कर दी है। विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि ज़िला निर्वाचन कार्यालयों, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलों और उपतहसीलों में जनसाधारण के निरीक्षण के लिए ये सूचियां 13 अगस्त तक उपलब्ध रहेंगी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वैबसाईट पर भी ये सूचियां देखी जा सकती हैं।

**पर्यटन कारोबार**

प्रदेश में मॉनसून की वर्षा से जहां राज्य में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है, वहीं पर्यटन कारोबार पर भी विपरीत असर पड़ा है। राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने कहा कि सरकार पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कई कदम उठा रही है और 15 जुलाई से 12 सितम्बर तक अपने होटलों की बुकिंग पर 20 से 40 फीसदी तक डिस्काउंट का ऐलान किया है।

*किसी प्रोडक्ट को परेशानी ना आए, इसके लिए सरकार प्रयास तो कर रही है, लेकिन सोशल मीडिया की वजह से एक छोटी सी न्यूज जो है एकदम से बहुत स्प्रेड हो जाती है, इस तरह का मैसेज चला जाता है कि जैसे पता नहीं पूरे प्रदेश में के लिए हम जो पूरा प्रयास कर रहे हैं, हमारा डिस्काउंट पॉलिसी भी हमारी जैसे 15 जुलाई से शुरू हुई जो कि 12 सितंबर तक चलेगी, पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए देश सरकार है, टूरिज्म कॉरपोरेशन है, प्राइवेट सेक्टर सारे के सारे जो प्रयास कर रहे हैं।*

———————————————